# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 अक्तूबर, 2022

अंक : 467

वर्ष : 30


## देश की कोयला आवश्यकताओं की पूर्ति में वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड का योगदान महत्वपूर्ण - श्री प्रल्हाद जोशी

### माननीय कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने ली वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की समीक्षा बैठक




माननीय कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी दिनांक 13 अक्टूबर 2022 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के नागपुर स्थित वेकोलि मुख्यालय पहुंचे। यहाँ आयोजित वर्चुअल उद्घाटन समारोह में उन्होंने वेकोलि पेंच क्षेत्र के बाल गंगाधर तिलक इको पार्क, झुर्रे, का उद्घाटन किया। उन्होंने इको पार्क के निर्माण को सकारात्मक पहल बताते हुए वेकोलि द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान वेकोलि की संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सदस्यों की विशेष उपस्थिति रही।

तत्पश्चात माननीय मंत्री महोदय ने वेकोलि की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने वेकोलि के उत्पादन, उत्पादकता एवं कोयला प्रेषण की स्थिति का जायजा लिया। समीक्षा बैठक में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने वेकोलि में कोयला खनन के स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने माननीय कोयला मंत्री को इस वित्तीय वर्ष के प्रथम एवं द्वितीय तिमाही में किए गए कोयला उत्पादन, प्रेषण आदि से अवगत कराते हुए आश्वस्त किया की वेकोलि वर्ष के अंत तक कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल करेगा।

अपने संबोधन में माननीय केंद्रीय मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि देश की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए यह आवश्यक है कि कोल इंडिया लिमिटेड की सभी अनुषंगी कंपनियां अपना वार्षिक लक्ष्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि देश को कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से वर्तमान खनन कार्य को सुदृढ बनाना एवं नए प्रोजेक्ट शुरू करना आवश्यक है। इस दिशा में उन्होंने कोयला मंत्रालय की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

उन्होंने वेकोलि में भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण एवं फॉरेस्ट क्लीयरेंस, नई तकनीक का इस्तेमाल आदि बिन्दुओं पर तेजी से कार्य करने को कहा। उन्होंने देश की कोयला आवश्यकताओं की पूर्ति में वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड के योगदान को महत्वपूर्ण बताया।

समीक्षा बैठक में कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव श्री वि. के. तिवारी, कोयला मंत्री के निजी सचिव डॉ एन. होनारेड्डी, वेकोलि के निदेशक (कार्मिक) डॉ संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री मुकेश कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय महाप्रबंधक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक के उपरांत उन्होंने कंपनी के संचालन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में कोयला उत्पादन में कर्मियों की सहभागिता, कोयला क्षेत्र की वर्तमान स्थिति एवं भविष्य में किए जाने वाले कार्यों आदि के विषय में विस्तार से चर्चा हुई।






## माननीय कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने MINCON प्रदर्शनी के दौरान WCL के स्टॉल का किया उद्घाटन



माननीय कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने नागपुर में आयोजित MINCON प्रदर्शनी के दौरान वेकोलि के स्टॉल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर WCL के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने माननीय कोयला मंत्री एवं उपस्थित गणमान्य जनों का स्वागत कर उन्हें प्रदर्शित की गई कंपनी की गतिविधियों से अवगत कराया।

उद्घाटन सत्र में माननीय कोयला मंत्री के निजी सचिव श्री होना रेड्डी, वेकोलि के निदेशक (कार्मिक) डॉ संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (यो. एवं परि.) श्री ए. के. सिंह, महाप्रबंधक (कॉरपोरेट अफेयर्स) श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## गांधी जयंती के अवसर पर वेकोलि के क्षेत्रों में स्वछता की मुहिम






गांधी जयंती के अवसर पर #SpecialCampaign2 के अंतर्गत वेकोलि के विभिन्न क्षेत्रों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए:

**पेंच क्षेत्र :** पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के प्रति आदरांजली, फिर आसपास के क्षेत्रों में साफ सफाई का कार्य, इसके उपरांत Fit India Freedom Run 3.0 की सद्भावना दौड़ और अंत ने फ्लावर वैली स्कूल, चांदामेटा में 52 फीट ऊंचे तिरंगे का लोकार्पण किया गया।

**उमरेड क्षेत्र :** गाँधी जयंती के कार्यक्रम में गांधीजी के प्रति अपनी आदरांजली अर्पित की गई। इसके उपरान्त गेस्ट हाउस रोड, अस्पताल का क्षेत्र आदि की सफाई की गई।

**वणी नॉर्थ क्षेत्र :** गांधी जयंती के कार्यक्रम के बाद आस पास के परिसर एवं भालर टाउनशिप की सफाई की गई।

**वणी क्षेत्र :** प्रशासनिक भवन में गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आदरांजलि अर्पित की गई।

**पाथाखेड़ा क्षेत्र :** स्वच्छता अभियान के अंतर्गत Fit India Freedom Run 3.0 की सद्भावना रैली एवं बच्चों की साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

**नागपुर क्षेत्र :** गांधी जयंती के कार्यक्रम के बाद स्वच्छता रैली एवं सफाई की मुहिम चलाई गई।

**माजरी क्षेत्र :** बाल उद्यान में वृहत सफाई का कार्य किया गया।

**कन्हान क्षेत्र :** Fit India Freedom Run 3.0 की सद्भावना रैली एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई का कार्य किया गया।

**चंद्रपुर क्षेत्र :** सद्भावना रैली एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई का कार्य किया गया।

**बल्लारपुर क्षेत्र :** स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ड्रेनेज की सफाई, अस्पताल एवं आस पास के परिसर की सफाई का कार्य किया गया।

**केंद्रीय कार्यशाला तडाली :** प्रशासनिक भवन में गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आदरांजलि अर्पित की गई। क्षेत्र में स्वच्छता मुहिम के अंतर्गत ऊर्जाग्राम वसाहत स्थित जल शुद्धिकरण संयंत्र, सार्वजनिक दुर्गा पुजा उत्सव परिसर, विशेष अतिथि गृह एवं आसपास के परिसर में साफ सफाई की गयी।






## कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) श्री बी. वीरा रेड्डी ने किया वेकोलि का दौरा



श्री बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तकनीकी), कोल इंडिया लिमिटेड, 03 एवं 04 अक्टूबर 2022 को वेकोलि के दौरे पर रहे। अपने प्रवास के प्रथम दिवस पर वे उमरेड क्षेत्र पहुंचे एवं वहां की खदानों का जायजा लिया। उन्होंने उमरेड खुली खदान का मुआयना किया तथा भविष्य की कोयला खनन की संभावनाओं के बारे में क्षेत्रीय प्रबंधन से चर्चा की। उन्होंने आइओसीएल द्वारा विकसित किए जा रहे एक्सप्लोसिव के प्लांट का दौरा किया एवं वहां चल रही गतिविधियों का निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने एमकेडी 3 खदान का मुआयना किया। उन्होंने फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट का जायजा लिया एवं इस कार्य को तेजी से पूर्ण करने को कहा।

अपने प्रवास के द्वितीय दिवस पर श्री रेड्डी वणी क्षेत्र पहुंचे। यहां उन्होंने पैनगंगा तथा मंगोली ओपन कास्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने वर्धा वैली के क्षेत्रों की समीक्षा बैठक ली, जिसमें क्षेत्रीय महाप्रबंधक उपस्थित रहे।

इस सम्पूर्ण दौरे में निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उनके साथ उपस्थित रहे।



## वेकोलि में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी को आदरांजलि





वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में 02.10.2022 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें भावभीनी आदरांजलि अर्पित की गयी।

मुख्यालय में आयोजित समारोह में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार एवं निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार तथा विभागाध्यक्षों एवं उपस्थित अन्य कर्मियों ने दोनों महान विभूतियों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

मुख्यालय के साथ ही वेकोलि के सभी क्षेत्रों में महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गांधी जी के विचारों को चरितार्थ करने के उद्देश्य से, 02 अक्तूबर, 2022 से वेकोलि में #specialcampaign2 की शुरुआत हो रही है। यह अभियान वेकोलि मुख्यालय तथा सभी क्षेत्रों में 31 अक्टूबर, 2022 तक जारी रहेगा एवं इसके अंतर्गत क्षेत्रों की सफाई, स्वच्छता के प्रति जागरूकता निर्माण करना, स्क्रैप डिस्पोजल अदि कार्यक्रम किए जाएंगे।

## पेंच एवं कन्हान क्षेत्र के दौरे पर रहे सीएमडी श्री मनोज कुमार एवं डीटीओ श्री जे. पी. द्विवेदी





अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार एवं निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी दिनांक 01.10.2022 को पेंच क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने क्षेत्र की गतिविधियों का जायजा लिया। वे पेंच क्षेत्र के बाल गंगाधर तिलक इको पार्क पहुंचे एवं वहां के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। पार्क के बेहतरी के लिए उन्होंने समुचित निर्देश दिए। यहाँ उन्होंने पौधा रोपण भी किया।

इसके उपरान्त वे उरधन खुली खदान पहुंचे एवं वहां के खनन कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने क्षेत्र के द्वारा कोयला उत्पादन में वृद्धि हेतु किए गए पहल को सराहा एवं विश्वास जताया की वित्तीय वर्ष के अंत तक पेंच क्षेत्र अपना उत्पादन लक्ष हासिल करेगा।

इसके उपरान्त उन्होंने कन्हान क्षेत्र की शारदा भूमिगत खदान का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खदान में चल रहे खनन गतिविधियों का जायजा लिया एवं उत्पादन, उत्पादकता बढ़ाने हेतु समुचित निर्देश दिए।

इस दौरान उनके साथ अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री निर्मल कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।




वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।